हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 19 नवंबर 2025

9 सीआईए रतिया ने अवैध असला सहित कुख्यात आरोपी दबोचा



10 नशामुक्ति अभियान ने हजारों लोगों को नशे से बचाया: मंत्री



## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**फतेहाबाद।** भूना में हैफेड गोदाम के पास हुए सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत होने के मामले में भूना पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान बीरू पुत्र सरवन, निवासी टिब्बी, के रूप में हुई है। थाना भुना प्रभारी उप-निरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि 10 नवंबर को अनिल कुमार निवासी जांडली खुर्द ने शिकायत दी कि उनके पिता 65 वर्षीय शमशेर सिंह 9 नवंबर को किसी काम से अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर भूना आए थे। इसी दौरान हादसा हुआ।

### खुदाई करते समय मिट्टी में दबने से महिला की मौत

**भूना।** फतेहाबाद रोड पर बिजली घर के सामने मंगलवार को हादसा हो गया। खाली प्लॉट में मिट्टी खुदाई करते समय नीचे दबने से महिला की मौत हो गई। हालांकि, महिला को बाहर निकाल कर उन्हें सीएचसी में पहुंचाया गया, मगर वहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

### फायरिंग कर हत्या का प्रयास करने वाला दबोचा

**सिरसा।** सिंघपुरा चौकी पुलिस ने चार दिन पूर्व गांव दादू में फायरिंग कर हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान हरमेल सिंह उर्फ गूंगा निवासी दादू जिला सिरसा के रूप में हुई है। सिंघपुरा चौकी प्रभारी चंदन सिंह ने बताया कि बीती 15 नवबंर को प्राप्त शिकायत में शिकायतकर्ता राजू सिंह निवासी दादू ने बयान किया कि वह शाम को अपने भाई केवल सिंह के साथ गांव दवाई लेने गया तो वहां आरोपी हरमेल सिंह उर्फ गूंगा ने उस पर पिस्तौल से फायर कर दिया।

### चंद्रावल में बाबा किरमाई नाथ का जागरण आज

**भूना।** सिद्ध श्री जय बाबा किरमाई नाथ सेवा समिति चंद्रावल के तत्वावधान में 19 नवंबर, बुधवार की रात्रि को बाबा किरमाई नाथ महाराज का 9वां महा विशाल जागरण धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। जागरण की ज्योति बाबा भलाई नाथ जी प्रज्वलित करेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न पूजन अनुष्ठान भी होंगे, जिनमें गणेश पूजन पूर्व चेयरमैन महा सिंह बलौदा, बाबा किरमाई नाथ पूजन समाजसेवी प्रहलाद सिंह जाखड़, हनुमान पूजन फौजी मुकेश कुमार, लक्ष्मी पूजन सुभाष कासनियां, श्याम पूजन चेतन अग्रवाल, शिव पूजन कृष्ण कुमार जाखड़ और सरस्वती पूजन सुखिया देवी द्वारा किया जाएगा।

### फतेहाबाद पुलिस ने हेरोइन सप्लायर को किया काबू

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने हेरोइन सप्लाई करने वाले मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान मोनू उर्फ मोंनी पुत्र राजकुमार निवासी नंगथला, जिला हिसार के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि 12 नवंबर को पुलिस रूटीन गश्त पर थी। इसी दौरान कार्रवाई की गई।

### फसल मुआवजा गबन में नौंवा आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** करोड़ों के फसल मुआवजा गबन मामले में इकनोमिक सेल ने नौंवे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुशिल कुमार, पुत्र जगदीश सिंह, निवासी बडोपल के रूप में हुई है। इकनोमिक सेल प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता उप-निरीक्षक राजेश कुमार, मुख्यमंत्री उडऩदस्ता, हिसार की शिकायत पर थाना शहर फतेहाबाद में मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप था कि नामजद व्यक्तियों ने फर्जी कागजात तैयार कर फसल मुआवजा राशि में गबन किया।

## नगर कीर्तन यात्रा का शहर में 9 स्थानों पर अभूतपूर्व स्वागत

'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के जयकारों से गूंजा शहर, जगह-जगह लगे स्वागत द्वार

### दर्जनों जगह चले लंगर, आज नथवान से टोहाना पहुंचेगी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

हिन्द की चादर, त्याग और बलिदान के प्रतीक 9वें सिख गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में निकाली जा रही नगर कीर्तन यात्रा का फतेहाबाद शहर की प्रमुख सामाजिक संस्थाओं ने 9 जगह यात्रा का अभूतपूर्व स्वागत किया। यात्रा बीती रात फतेहाबाद के जगजीवनपुरा स्थित गुरुद्वारे में पहुंची हुई थी। मंगलवार को नगर कीर्तन यात्रा यहां से चलकर शहर के विभिन्न चौकों-चौराहों से होते हुए रतिया की ओर प्रस्थान कर गई। जगजीवनपुरा स्थित गुरूद्वारे से मंगलवार को यात्रा के रवाना होने से पहले गुरुद्वारा सिंह सभा द्वारा पूर्व विधायक दुड़ाराम, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, जिप अध्यक्ष सुमन खिचड़, एसडीएम राजेश कुमार आदि को सरोपा भेंट किया गया। जगजीवनपुरा स्थित गुरुद्वारे से शुरू होकर नगर कीर्तन यात्रा डीएसपी रोड से रविदास चौक, जवाहर चौक, थाना पार्किंग रोड से अरोड़वंश धर्मशाला, तुलसीदास चौक से वाल्मिकि चौक, गुरुद्वारा गुरुनानक पुरा, रतिया चुंगी, गुरुद्वारा झाड़ साहित से होते हुए अयाल्की के लिए रवाना हुई। नगर कीर्तन यात्रा का आज गांव नथवान में रात्रि प्रवास हुआ। इस दौरान शहर के अनेक स्थानों पर नगर कीर्तन यात्रा का विभिन्न सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं द्वारा मर्यादा पूर्वक भव्य स्वागत किया गया।





**फतेहाबाद।** जगजीवनपुरा गुरूद्वारे से रवाना होती नगर कीर्तन यात्रा तथा कॉलेज में शहीदी दिवस यात्रा का स्वागत करते एमएम एजुकेशन सोसायटी के सदस्य।

#### आज और कल का यह रहेगा रूट

तीसरे दिन 19 नवंबर बुधवार सुबह यात्रा श्री अंगीठा साहिब गुरुद्वारा नथवान से चलकर गांव चिम्मो होते हुए टोहाना उपमंडल के गांव नन्हेड़ी, गोरा सिंह पेट्रोल पंप कुलां, श्री नानकसर गुरुद्वारा भूना रोड कुलां होते हुए गांव लहरियां से भूना पहुंचेगी। इन गांवों में भी यात्रा के स्वागत के लिए वहां के सिख श्रद्धालुओं व अन्य समाज के लोगों की भागीदारी रहेगी। यात्रा में शामिल श्रद्धालु भूना में रात्रि विश्राम करेंगे। चौथे दिन 20 नवंबर को भूना से यात्रा रवाना होकर गांव खासा पठाना, सनियाणा, पिरथला, ललौदा, डांगरा होते हुए टोहाना पहुंचेगी। टोहाना में बाईपास पर श्रद्धालु यात्रा का स्वागत करेंगे।

#### जयकारों से गूंजा एमएम कॉलेज

**फतेहाबाद।** हिन्द की चादर, त्याग और बलिदान के प्रतीक नौवें सिख गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में सिरसा से प्रारंभ हुई नगर कीर्तन यात्रा मनोहर मैमोरियल कॉलेज पहुंची। यहां एमएम एजुकेशन सोसायटी और कॉलेज स्टाफ सदस्यों के अलावा विद्यार्थियों ने श्रद्धा, उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण के बीच भव्य स्वागत किया। सभी ने पवित्र श्री गुरू ग्रंथ साहिब के समक्ष माथा टेका। उच्चतर शिक्षा विभाग एवं हरियाणा सरकार द्वारा इसको लेकर सभी कॉलेजों को विशेष निर्देश जारी किए गए थे। कॉलेज में प्रवेश करते ही पूरा कॉलेज परिसर 'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के जयकारों से गूंज उठा। यात्रा पर पुष्प वर्षा की गई और यात्रा के साथ पहुंचे श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर एजुकेशन सोसायटी के चेयरमैन आत्मप्रकाश बत्रा, प्रधान राजीव बत्रा, सचिव विनोद मेहता एडवोकेट, कोषाध्यक्ष कैलाश बत्रा, बीएड कॉलेज उपप्रधान संजय बत्रा, वरिष्ठ सदस्य सुदर्शन बत्रा, सरदार केपी सिंह, एमडी रावल, सुनील सचदेवा, सुनील चौधरी, प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास सहित समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। चेयरमैन आत्मप्रकाश बत्रा व प्रधान राजीव बत्रा ने यात्रा का स्वागत करते हुए कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी का जीवन साहस, करुणा, मानवता, धार्मिक स्वतंत्रता और सर्वोच्च बलिदान का अनुपम उदाहरण है।

## रंजिश के चलते बहबलपुर के सरपंच प्रतिनिधि पर हमला

### पहले ही जताई थी हमले की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** अस्पताल में उपचाराधीन युवक। फोटो: हरिभूमि

चुनावी रंजिश के चलते दर्जनों लोगों द्वारा गांव बहबलपुर के सरपंच प्रतिनिधि सहित चार लोगों पर लाठियों, डंडों व रॉड से हमला करने का मामला सामने आया है। इस हमले में सरपंच प्रतिनिधि गुरप्रीत सिंह, उसके चचेरे भाई व पार्टनर को चोटें आई हैं। चोरों को फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल लाया गया जहां से इन्हें अग्रोहा रेफर कर दिया गया। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

अस्पताल में उपचाराधीन गांव बहबलपुर के सरपंच प्रतिनिधि गुरप्रीत सिंह ने बताया कि सोमवार रात करीब 8 बजे वह अपने घर की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान बीच सडक़ पर जगसेर सिंह अपने साथियों के साथ खड़ा था। जब उसने इन लोगों को रास्ते से हटने के लिए कहा तो इससे तैश में आए इन लोगों ने उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। देखते ही देखते जगसेर का भाई 30-35 अन्य लोगों के साथ वहां आया और उन पर ताबड़तोड़ पर हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपड़ोस के लोग वहां इकट्ठा हो गए और सरपंच प्रतिनिधि व अन्यों को छुड़वाया। बाद में हमलावर मौके से फरार हो गए। हमले में घायल लोगों को उपचार के लिए फतेहाबाद के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

#### 2022 में सरपंच चुनी गई थी मनदीप कौर

घायल गुरप्रीत सिंह ने बताया कि साल 2022 में उनकी पत्नी मनदीप कौर ने सरपंच पद के लिए चुनाव लड़ा था। उसमें उन्हें जीत मिली थी। गांव के ही जगसेर सिंह ने भी सरपंच पद का चुनाव लड़ा था, लेकिन वह हार गया था। हार के बाद से ही वह उनके साथ चुनावी रंजिश रखे हुए हैं। गुरप्रीत ने बताया कि इस हमले की उन्हें पहले से ही आशंका थी। इसलिए सोमवार को ही उनके चचेरे भाई बगीचा सिंह की ओर से हांसपुर चौकी में शिकायत भी दी गई थी। शिकायत देने के कुछ घंटों बाद ही उन पर यह हमला कर दिया गया।

## ओवरब्रिज निर्माण के कारण बाइपास रूट डायवर्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

- शहर में दिन के समय भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक

शहर के भूमण शाह चौक से लेकर चतरगढ़ पट्टी रेलवे फाटक बाईपास रोड पर ओवरब्रिज का कार्य शुरु होने के कारण रोड को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है । इसके चलते भूमण शाह चौक से होते हुए चतरगढ़ पट्टी बाईपास फाटक की जाने वाले सभी प्रकार के वाहनों के लिए आवाजाही पूरी तरह से बंद कर रूट डायवर्ट कर दिए हैं, ताकि आमजन को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े । पुलिस विभाग ने डायवर्जन पॉइंट्स पर संकेतक बोर्ड, बैरिकेड्स और यातायात पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। पुलिस अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि मरम्मत कार्य के दौरान असुविधा से बचने के लिए अन्य वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें । भारी वाहन चालकों को भी विशेष हिदायत दी जाती है कि सुबह 7 बजे से लेकर शाम 8 तक भारी वाहन शहर में प्रवेश न करें। अन्यथा भारी वाहन चालकों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा । एडवाजरी में बताया गया है कि भारी वाहन ड्राइवर हाइवे पर लेन ड्राइविंग के नियम की पालना करें और शहर में नो इंट्री में भारी वाहन प्रवेश न करें। हाइवे पर बिना वजह वाहन को खड़ा न करें क्योंकि इससे जाम की समस्या उत्पन्न होने के साथ ही हादसा होने का अंदेशा बना रहता है,इसके अलावा अपने वाहनों पर रिफलेक्टर टेप लगवाए । हाइवे पर वाहन खराब हो जाने पर आगे पीछे कोण लगाए। जिससे दूर से वाहन दिखाई दें और किसी प्रकार का हादसा न घटित न होने पाए।

## 'स्ट्राइकर गेम' गिरोह का पर्दाफाश, दो युवक काबू

- भोले-भाले लोगों की कमाई पर करते थे हाथ साफ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

स्ट्राइकर गेम के नाम पर लोगों को फंसाकर लाखों रुपये ऐंठने वाले गिरोह का पर्दाफॉश करते हुए फतेहाबाद की बस अड्डा पुलिस चौकी टीम ने दो युवकों को काबू किया है। दोनों युवक भोले-भाले लोगों को अपने मकडज़ाल में फंसाकर उनकी कमाई पर हाथ साफ करते थे। गिरोह के सदस्य शहर के पार्क, बस स्टैंड और भीड़भाड़ वाले इलाकों में लोगों को आकर्षित करते थे। शुरुआती दौर में लोग छोटे दांव लगाकर थोड़े पैसे जीतते। धीरे-धीरे लालच में फंसकर बड़ी रकम लगाने पर मजबूर हो जाते।



**फतेहाबाद।** पुलिस द्वारा गिरफ्तार 'स्ट्राइकर गेम' गिरोह के दोनों युवक।

#### अनेक लोगों की शिकायतों पर पुलिस ने लिय एक्शन

फतेहाबाद में इस खेल का शिकार कई मासूम नागरिक बने और पुलिस के पास लगातार शिकायतें आई थी। शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए बस अड्डा चौकी पुलिस ने विशेष निगरानी रखी। तकनीकी सुरागों और छापेमारी के बाद गिरोह के दो सक्रिय आरोपियों को धर दबोचा गया। पकड़े गए युवकों की पहचान कबीर बस्ती फतेहाबाद निवासी मुकेश कुमार उर्फ भोला पुत्र विनोद कुमार तथा रोहित पुत्र राकेश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से स्ट्राइकर गेम में इस्तेमाल होने वाले उपकरण और अन्य सामग्री बरामद की। आरोपियों से पूछताछ जारी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इनके पीछे कोई बड़ा नेटवर्क सक्रिय है या नहीं। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि अपराधियों की नई चाल के चलते भोले-भाले लोग अपने मेहनत के पैसों से हाथ धो बैठते थे। एसपी ने नागरिकों को चेतावनी देते हुए कहा कि तेजी से पैसा कमाने का लालच ही साइबर अपराधियों का सबसे बड़ा हथियार है। किसी भी संदिग्ध गेम, लिंक या निवेश योजना पर भरोसा न करें। किसी भी आपत्तिजनक गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उनके नेटवर्क में शामिल अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी हुई है।

## साइबर ठगी के मामले में दो और आरोपी यूपी से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

साइबर थाना पुलिस ने टेलीग्राम एप से जोडक़र टास्क पूरा कर मोटा मुनाफा कमाने के नाम पर वैदवाला निवासी एक व्यक्ति से हुई करीब एक लाख 88 हजार 833 रुपए की साइबर धोखाधड़ी करने के मामले में दो युवकों को उत्तर प्रदेश के आगरा जिला से काबू कर लिया है। साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र ने बताया कि वैदवाला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अज्ञात मोबाइल नंबर से उसके पास कॉल आई और कॉल करने वाले व्यक्ति ने कहा कि आप हमारे टेलिग्राम एप्प से जुडक़र घर बैठे-बैठे लाखों करोड़ो रुपए कमा सकते हो। इसके लिए आपको कंपनी के बताए हुए टास्क को पूरा करना होगा,जैसे ही टास्क पूरा होगा आपके खाते में पैसे आ जाएंगे।



## दुकानों, जिम, पार्लरों के नाम से अग्रिम भुगतान वसूलने वाला गिरोह सक्रिय, पुलिस ने दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

- दुकानदारों को दिए आवश्यक सुझाव



एसपी सिद्धांत जैन।

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने जिले के व्यापारियों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और आम नागरिकों को आगाह करते हुए कहा है कि हाल ही में व्हाटसएप बिजनेस क्लोनिंग से जुड़े साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। साइबर ठग दुकानों, जिम, आइसक्रीम पार्लरों, पेट शॉप्स और अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों के नाम, प्रतीक चिन्ह और पते का दुरुपयोग कर ग्राहकों को ठगी का निशाना बना रहे हैं, जिससे कई लोगों को आर्थिक हानि उठानी पड़ी है। एसपी ने बताया कि इस प्रकार के धोखाधड़ी मामलों में ठग किसी दुकान या सेवा प्रदाता की पहचान की हूबहू नकल करते हुए एक फर्जी व्हाटसएप बिजनेस अकाउंट बनाते हैं। इसके बाद वे गुगल मेपस, गुगल बिजनेस प्रोफाइल या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर गलत मोबाइल नंबर डाल देते हैं, जिसे ग्राहक असली नंबर समझकर संपर्क करते हैं।

#### ये सावधानियां बरतें

एसपी ने दुकानदारों को सुझाव दिया कि अपना मोबाइल नंबर स्वयं गुगल बिजनेस पर अपडेट और सत्यापित करें। अपनी दुकान का आधिकारिक व्हाटसएप बिजनेस अकाउंट बनाकर ग्रीन टिक के लिए आवेदन करें। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपना सही और अधिकृत नंबर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करें। दुकान के बाहर, बिलों और पैकिंग सामग्री पर सही नंबर अवश्य लिखें। यदि किसी ग्राहक की ओर से गलत नंबर या संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिले तो उसे तुरंत गुगल पर रिपोर्ट करें और पुलिस को सूचित करें।



**रतिया।** अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते हुए नगर पालिका कर्मचारी।

#### नपा कर्मचारियों ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**रतिया।** नगर पालिका के कर्मचारियों ने आज टोहाना रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया और कई दुकानों के बाहर पड़े हुए सामान को जब्त कर लिया। इस दौरान कई दुकानदारों ने नगर पालिका के कर्मचारियों पर अतिक्रमण हटाओ अभियान में भेदभाव करने का भी आरोप लगाया और इसकी शिकायत जिला उपयुक्त से कर दी। मिली जानकारी के अनुसार रतिया नगर पालिका के सचिव शुभम कुमार को पिछले कुछ दिनों से शिकायत मिल रही थी कि मेन बाजार और टोहाना रोड पर दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर कई कई फुट सामान रखकर अतिक्रमण किया जा रहा है। इस कारण आने जाने वाले लोगों और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और जाम भी लग जाता है। इस पर सचिव ने सफाई निरीक्षक ओंकार सिंह व सफाई दरोगा मुकेश कुमार को अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## पहले गली उखाड़ी, फिर कर्मचारी से किया दुर्व्यवहार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

- एमई की शिकायत पर डेढ़ माह बाद दर्ज हुई एफआईआर

भूना में बिना परमिशन गली उखाडऩे और बाद में नगरपालिका कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार करने के मामले में भूना पुलिस ने आखिरकार डेढ माह बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इसको लेकर नगरपालिका के एमई द्वारा शांति निकेतन स्कूल वाली गली में इंटरलॉकिंग उखाड़ने वाले अशोक कुमार के खिलाफ दुर्व्यवहार की शिकायत दी गई थी। इस बारे 24 सितम्बर को भूना पुलिस को दी शिकायत में नगरपालिका एमई नरेंद्र पवार ने कहा था कि उनके ऑफिस को शांति निकेतन स्कूल वाली गली में अशोक कुमार द्वारा ब्लॉक उखाडऩे की शिकायत मिली थी। शिकायत के आधार पर 17 सितंबर की शाम को मौके का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगरपालिका कर्मचारी से उक्त व्यक्ति द्वारा दुव्र्यवहार किया गया। इसके बाद अशोक कुमार के खिलाफ कार्रवाई के लिए 24 सितंबर को एमई नरेंद्र पवार की ओर से भूना पुलिस को शिकायत दी गई थी। पुलिस के अनुसार जांच के बाद सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर पीडीपीपी एक्ट के तहत जुर्म होना पाया गया है, इसलिए केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस बारे भूना थाना प्रभारी ओमप्रकाश बिश्नोई का कहना है कि नगरपालिका एमई नरेंद्र पवार की शिकायत की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ पीडीपीपी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

## धर्म-कर्म: गणेश चतुर्थी 24 को, विघ्नहर्ता की पूजा-अर्चना से मिलेगा विशेष लाभ

### गणपति बप्पा को शमी का पत्ता अर्पित करने से सभी कष्टों से मिलती है मुक्ति

व्रत करने से जीवन में सफलता, समृद्धि और बाधाओं से मुक्ति प्राप्त होती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

- दही, मोदक, फल और वस्त्र दान करना अत्यंत फलदायी

इस साल विनायक चतुर्थी 24 नवंबर को है। विनायक चतुर्थी का यह दिन भगवान गणेश को समर्पित है। गणेश जी को विघ्नहर्ता माना जाता है। इस दिन उनकी पूजा और उपासना से सभी कार्यों में सफलता और बाधाओं से मुक्ति मिलती है। शहर के प्रमुख ज्योतिषाचार्य पंडित राजेश शर्मा के अनुसार 24 नवंबर का दिन धार्मिक दृष्टि से अत्यंत शुभ है। विनायक चतुर्थी के उपलक्ष्य में गणेश जी की पूजा और व्रत करने से जीवन में सफलता, समृद्धि और बाधाओं से मुक्ति प्राप्त होती है। इस दिन दान और भक्ति करने से पुण्य की प्राप्ति होती है और आध्यात्मिक ऊर्जा का विकास होता है। पंडित राजेश शर्मा ने बताया कि इस दिन गणेश जी की वंदना और दही, मोदक, फल और वस्त्र दान करना अत्यंत फलदायी माना जाता है। सोमवार होने के कारण व्रत रखने और सुबह स्नान कर पूजा करने से स्वास्थ्य, भला और शांति प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि गणेश जी के पूजन के बाद अन्य देवी देवताओं की पूजा स्वीकार होती है। बगैर गणेश वंदना के किसी भी देवी देवता की गई पूजा स्वीकार नहीं होती है। गणेश चतुर्थी बहुत उत्तम और सवोपरि व्रत है। विधान से पूजन करने से मनचाहा फल प्राप्त होगा।

#### ये करने से लाभ होगा: पंडित राजेश शर्मा



डित राजेश शर्मा के अनुसार इस दिन प्रातः स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें। घर या मंदिर में गणेश जी की प्रतिमा या चित्र स्थापित करें। दीपक जलाएं, पुष्प, अक्षत और मोदक अर्पित करें। विनायक चतुर्थी के दिन सुबह ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करके साफ कपड़े पहनें। घर में किसी साफ जगह पर चौकी रखकर भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित करें। व्रत का संकल्प लें। भगवान गणेश को रोली, चंदन, अक्षत, फूल, सिंदूर, और दूर्वा अर्पित करें। पूजा के दौरान ओम गण गणपतये नम मंत्र का जाप करें। व्रत रखें या फलाहार करें और दिनभर भक्ति में समय बिताएं। शाम के समय आरती करें और भगवान गणेश से सुख, समृद्धि और बाधा निवारण की प्रार्थना करें।

#### पूजन का मुहूर्त

- तिथि : शुक्ल पक्ष चतुर्थी रात 9:23 बजे तक
- नक्षत्र पूर्वाषाढ़ा : रात 9:54 बजे तक
- योग : शूल दोपहर 12:37 बजे तक
- करण : वणिज सुबह 8:25 बजे तक



# पाकिस्तान के मंसूबों को नाकाम करने निकले रणवीर, माधवन ने बनाई रणनीति

**नई दिल्ली।** रणवीर सिंह की आगामी फिल्म 'धुरंधर' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इसमें रणवीर के अलावा अक्षय खन्ना, आर माधवन, संजय दत्त और अर्जुन रामपाल जैसे धुरंधर भी अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 05 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर के शुरुआती दृश्य में अर्जुन रामपाल नजर आते हैं। संवाद सुनाई देते हैं, '1971 की जंग के बाद पाकिस्तान में बड़ा उदास सा माहौल था। ट्रेलर में फिर एंट्री होती है रणवीर सिंह और आर.माधवन की, जो पाकिस्तान के मंसूबों को नाकाम करने की रणनीति बनाते हैं। वहां से आतंकवाद का खात्मा करने की बात करते हैं। रणवीर मिशन पर निकले हैं। माधवन उनसे कहते हैं, 'सर, मुंह तोड़ने के लिए मुट्ठी बंद करना जरूरी है। वह भारत के खिलाफ अगर नींद में भी सोचे तो उसके ख्वाब में भी हम भारत में बैठे नजर आने चाहिए'।

## लाइफ Style

# सारा
## देइवा थिरुमगल ने दिलाई पहचान



2005 में जन्मी सारा अर्जुन एक्टर राज अर्जुन की बेटी हैं और चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर काम की शुरुआत कर चुकी हैं। वह सिर्फ 1 साल की थीं जब वह अपने माता-पिता के साथ एक मॉल गई थीं। एक ऐड फिल्म मेकर की नजर पड़ी और उन्हें उनका पहला कमर्शियल मिल गया। उन्हें 2011 की तमिल फिल्म देइवा थिरुमगल ने खूब पहचान दिलाई।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


सारा अर्जुन विक्रम की बेटी का किरदार निभाया था। इन सालों में वह एक थी डायन, सैवम और सांड की आंख में नजर आईं। रणवीर सिंह की मच अवेटेड फिल्म धुरंधर का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। डायरेक्टर आदित्य धर की इस फिल्म ने फाइनली अपनी एक दमदार झलक पेश की और सोशल मीडिया पर सेंसेशन क्रिएट की। सोशल मीडिया पर फिल्म के एक्शन, डायलॉग से लेकर लुक्स तक की चर्चा हो रही है। इस बीच रणवीर सिंह और सारा अर्जुन की जोड़ी की भी बातें हैं। सारा जो कि 20 साल की हैं पहली बार बतौर लीड एक्ट्रेस पर्दे पर आ रही हैं और वो भी सीधे रणवीर सिंह के साथ। रणवीर बड़े स्टार होने के साथ साथ उम्र में भी सारा से बड़े हैं। रणवीर से फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर सारा और अपने एज डिफ्रेंस और उनके साथ काम करने के एक्सपीरियंस को लेकर बात की। ट्रेलर लॉन्च पर रणवीर ने सारा अर्जुन की तारीफ करते हुए कहा, मैं बहुत लकी हूं कि तुम्हारी इस स्पेशल मोमेंट का हिस्सा हूं, सारा अपने काम में बहुत माहिर हैं। आपको धीरे-धीरे पता चल जाएगा। कभी डकोटा फैनिंग हॉलीवुड में आईं। आज सारा इस बात को साबित करती हैं कि इस पोजीशन तक पहुंचने के लिए आपको कई हजार कैंडिडेट्स को पीछे छोड़ना पड़ता है।

## हॉलीवुड मसाला

# टॉम क्रूज ने जीता अपना पहला ऑस्कर



**लॉस एंजिल्स।** मशहूर हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज को 'गवर्नर्स अवाड्र्स'में अपना पहला ऑस्कर मिला। 16 नवंबर को हॉलीवुड के रे डॉल्बी बॉलरूम में कोरियोग्राफर और एक्टर डेबी एलन और प्रोडक्शन डिजाइनर व्यान थॉमस को भी इस स्टार-स्टडेड समारोह में सम्मानित किया गया। एक्टर को मिशन इम्पॉसिबल सीरीज और टॉप गन फ्रेंचाइजी जैसी बड़ी फिल्मों में शानदार अभिनय के लिए जाना जाता है। एक्टर को वो अवॉर्ड फिल्म निर्माता एलेजांद्रो जी. इनारिटु ने दिया अवॉर्ड लेते वक्त 63 वर्ष के एक्टर टॉम क्रूज ने उन सभी लोगों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने फिल्मों को संभव बनाया। एक्टर ने अपने भाषण में कहा, 'सिनेमा मुझे दुनिया भर में ले जाता है।





# अकादमी अवॉड्र्स के लिए जा रही 'ह्यूमन्स इन द लूप'

**लॉस एंजिल्स।** 'ह्यूमन्स इन द लूप' झारखंड की रहनेवाली एक आदिवासी महिला नेहमा की कहानी है। उसके ढुकू विवाह और एआई के युग में उसकी परेशानियों को लेकर है। अरण्य सहाय के डायरेक्शन में बनी फीचर फिल्म 'ह्यूमन्स इन द लूप' को आईएमडीबी पर 7.5 रेटिंग मिली है। इसे फिल्म इंडिपेंडेंट स्लोन डिस्ट्रीब्यूशन ग्रांट से सम्मानित किया गया है, क्योंकि यह फिल्म अकादमी अवॉड्र्स के लिए जा रही है। फिल्म इंडिपेंडेंट और अल्फ्रेड पी. स्लोन फाउंडेशन द्वारा दिया जाने वाला स्लोन डिस्ट्रीब्यूशन ग्रांट, उन फिल्मों को मिलता है, जो विज्ञान या टेक्नोलॉजी के विषयों या किरदारों से जुड़ी होती हैं। अमेरिका में सिनेमाघरों में रिलीज होने और दूसरे अन्य मानदंडों को पूरा करने के बाद, यह फिल्म आधिकारिक तौर पर 98वें ऑस्कर अवॉर्ड के लिए जा रही है, जहां यह बेस्ट ऑरिजनल स्क्रीनप्ले कैटेगरी में टक्कर देगी।



# बड़े मियां छोटे मियां ने फ्लॉन्ट किए सिक्स-पैक एब्स

**मुंबई।** बॉलीवुड की सुपरफिट जोड़ी अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर धमाल मचा दिया है। दोनों मुंबई के जुहू बीच पर शर्टलेस नजर आए। दोनों समंदर में जमकर मस्ती करते दिखे और अपनी परफेक्ट बॉडी फ्लॉन्ट की। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। अक्षय कुमार ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया। इस वीडिया में अक्षय के साथ एक्टर टाइगर श्रॉफ भी शर्टलेस नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में अक्षय और टाइगर के अलावा कई लोग समंदर में वॉक करते दिख रहे हैं। इस वीडियो के साथ अक्षय ने मजेदार कैप्शन लिखा 'ओशन्स 9 जुहू बीच एडिशन'। इस वीडियो में दोनों की परफेक्ट सिक्स-पैक एब्स देखकर फैंस हैरान रह गए हैं। 58 साल की उम्र में अक्षय कुमार की शानदार फिटनेस देखकर फैंस खुद को कमेंट्स करने से रोक नहीं पाए।



# एनबीके 111 से सामने आया नयनतारा का शाही लुक

**मुंबई।** साउथ लेडी सुपरस्टार नयनतारा अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण की आगामी ऐतिहासिक फिल्म 'एनबीके 111' में नजर आएंगी। फिल्म से नयनतारा का खास लुक शेयर किया गया, जिसमें वह शाही लुक में नजर आईं। कैप्शन में लिखा, 'वह रानी जो महासागरों की शांति और तूफानों के प्रकोप को वहन करती है।' एनबीके 111 का निर्देशन गोपीचंद मालिनेनी कर रहे हैं। यह ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म है। एनबीके111 के अलावा नयनतारा निर्देशक अनिल रविपुडी की आगामी पारिवारिक मनोरंजक फिल्म 'मन शंकर वर प्रसाद गरु' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ मेगास्टार चिरंजीवी नजर आएंगी। इन फिल्मों के अलावा नयनतारा साउथ स्टार यश के साथ फिल्म 'टॉक्सिक' में नजर आएंगी।

## टीवी मसाला

# विशाल 25 साल की कोशिश के बाद पहुंचे कौन बनेगा करोड़पति में

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17' को अमिताभ बच्चन होस्ट कर रहे हैं। बीते एक एपिसोड में जहां 'फैमिली मैन 3' की कास्ट मनोज बाजपेयी, जयदीप अहलावत और शरीब हाश्मी आए थे। वहीं, अब 'इंडियन आइडल' के जज विशाल ददलानी भी बतौर गेस्ट शो में पहुंचे हैं और वहां से फोटो खींचकर इंस्टाग्राम पर शेयर कर जानकारी दी है।



बताया कि उनका 25 साल पुराना सपना सच हो गया। विशाल ददलानी अब अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किए जाने वाले 'कौन बनेगा करोड़पति 17' की हॉट सीट पर बैठेंगे। विशाल ने सोशल मीडिया पर बताया कि केबीसी में आना उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा है। गायक ने उस समय के बारे में याद करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने शो में आने के लिए मैसेज भेजे थे। विशाल ने लिखा, 'यह 25 साल पुराना सपना सच हो गया। मैं हमेशा से कौन बनेगा करोड़पति में आना चाहता था। सिंगर ने केबीसी में पहुंचने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'मैं मैसेज भेजता था, टीवी पर फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट गेम खेलता था और पूरी कोशिश करता था। और, फाइनली मैं पहुंच ही गया।' विशाल ने सोनी टीवी को उन्हें हॉट सीट पर भेजने के लिए थैंक यू कहा। साथ ही अमिताभ बच्चन को भी शुक्रिया बोला। जैसे ही विशाल और अमिताभ बच्चन की फोटो सोशल मीडिया पर सामने आई, लोगों के रिएक्शन भी आने शुरू हो गए। फराह खान ने लिखा, 'उम्मीद करती हूं कि तुमने कुछ पैसे भी जीते होगे।' इस पर विशाल ने मजाकिया अंदाज में लिखा, 'मुझे लगता है कि ये पैसे ऐसे उद्देश्य के लिए हैं, जिसे आप एक्सेप्ट करेंगी फरहा।' वहीं, बाकियों ने शुभकामनाएं और बधाई दी। कहा कि दो दिग्गज को एक साथ देखना दिलचस्प होगा।

## अनुपमा में आएगा लीप? एक्ट्रेस बनेगी तोषू-पाखी की मां

नई दिल्ली। टीवी सीरियल अनुपमा का नया प्रोमो वीडियो मेकर्स ने जारी कर दिया है। अनुपमा को उसके डांस ने मुंबई में कामयाबी दिलाई और उसकी कुकिंग ने विदेश में सक्सेस दिलवाई, लेकिन अब बारी आई है



उसके एक और टैलेंट को दुनिया के सामने आने की। टीआरपी टॉपर सीरियल ने फिर एक बार रफ्तार पकड़ी है और अनुपमा अपनी पोतियों को लेकर मुंबई आ चुकी है। लेकिन, नया प्रोमो वीडियो हिंट दे रहा है कि अनुपमा अब एक्ट्रेस बनने की तरफ बढ़ेगी। नए प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि अनुपमा फिल्म सिटी में शूटिंग देखने जाएगी और यहां पर एक डायरेक्टर उससे कहेगा, 'अब से यही आपकी नई दुनिया है अनुपमा जी।' माना जा रहा है कि अनुपमा को उसका डांस कामयाबी दिलाएगा और एक्टिंग के मामले में भी वो झंडे गाढ़ेगी। नए प्रोमो वीडियो के बैकग्राउंड में अनुपमा कहती है, 'यह मुंबई नगरी है। सपनों की नगरी, मेरे सपने पूरे करने का वक्त आ गया है।' प्रोमो के बैकग्राउंड में बताया गया है- फिल्मी दुनिया में अनुपमा का क्या काम? कमेंट सेक्शन में लोगों ने कयास लगाए हैं कि कहानी में आगे उन्हें कौन से ट्विस्ट और टर्न्स देखने को मिल सकते हैं।

# 25 थिएटर में रिलीज और कमाई 3858 करोड़

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म देखने का अपना अलग मजा है। हॉरर फिल्में सस्पेंस और डर से भरी होती हैं। कुछ हॉरर फिल्में तो ऐसी हैं, जिन्हें अकेले देखने में पसीने छूट जाते हैं। अगर गलती से कोई हॉरर फिल्म रात में देख ली तो वॉशरूम जाना भारी पड़ जाता है और डर के मारे नींद नहीं आती, वो अलग। अब हॉरर फिल्मों में कॉमेडी मसाला एड किया जा रहा है, जिससे फिल्म के हॉरर सीन पर कम और कॉमेडी पर ज्यादा ध्यान जा रहा है। लेकिन, पहले की हॉरर फिल्में सिर्फ और सिर्फ डरावनी हुआ करती थीं। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं उस हॉरर फिल्म के बारे में, जिसे आप गलती से भी अकेले में मत देख लेना. क्योंकि यह गूगल पर यह सबसे डरावनी फिल्म है।

### इस फिल्म को देखने के बाद महीनों तक कांपी लोगों की रूह



### दुनिया की सबसे डरावनी फिल्म

*बॉलीवुड में बीते साल स्त्री 2 और मुंज्या जैसी हॉरर कॉमेडी फिल्मों ने एंटरटेन किया था, लेकिन जिस फिल्म के बारे में हम बता रहे हैं वो आज से 51 साल पहले रिलीज हुई थी। इस फिल्म को आज भी दुनिया की सबसे डरावनी फिल्म कहा जाता है। गूगल पर सबसे डरावनी फिल्म सर्च करने पर इस फिल्म का ही नाम आता है। इस फिल्म को एक तरह से शापित भी माना गया है। साल 1973 में रिलीज हुई मोस्ट हॉरर फिल्म का नाम 'द एक्सॉर्सिस्ट' है, जो कई देशों में बैन हुई थी। यह हॉरर फिल्म विलियम पीटर के उपन्यास पर बेस्ड है। कहा जाता है कि इस फिल्म को देखने के बाद कई लोगों को सदमा तक लगा गया था। ऐसे में यह फिल्म आयरलैंड, इंग्लैंड और स्कॉटलैंड में बैन हो गई थी।*

### कहानी में है एक मासूम बच्ची

हॉरर फिल्म 'द एक्सॉर्सिस्ट' की कहानी बेहद खौफनाक है। फिल्म की कहानी में एक मासूम बच्ची है, जिस पर एक बुरी आत्मा कब्जा कर लेती है। इस बच्ची की मां एक एक्ट्रेस हैं, जो अपनी बेटी की अजीबो-गरीब हरकतों से परेशान हो जाती है। एक्ट्रेस मां अपनी बच्ची को पादरी को दिखाती है और बच्ची पर चढ़े भूत का असर खत्म करवाती है। इस फिल्म का एक-एक सीन रुह कंपा देने वाला है।

# अर्पिता ने शेयर कीं सलीम-सलमा की वेडिंग एनिवर्सरी की इनसाइड तस्वीरें

**मुंबई।** सलमान खान के माता-पिता सलीम खान और सलमा खान (सुशीला चरक) की शादी को 61 साल हो गए हैं। बीती रात परिवार में भव्य अंदाज में दोनों की शादी की सालगिरह मनाई गई। इसी दिन घर की छोटी बेटी अर्पिता खान और आयुष शर्मा की भी वेडिंग एनिवर्सरी होती है। फंक्शन में दोनों जोड़े ने अपनी लाइफ का यह खूबसूरत लम्हा सेलिब्रेट किया, जिसमें पूरा खान परिवार शामिल रहा। अर्पिता खान की शादी एक्टर आयुष शर्मा के साथ हुई है। दोनों साल 2014 में शादी के बंधन में बंधे। कल सलीम और सलमा खान की वेडिंग एनिवर्सरी के साथ-साथ अर्पिता और आयुष की एनिवर्सरी भी सेलिब्रेट की गई।



### तस्वीरों में तीन खान ब्रदर्स

फंक्शन में दो केक काटे गए। एक सलीम खान और सलमा ने काटा और दूसरा केक अर्पिता खान व आयुष शर्मा ने काटा। अर्पिता खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर वेडिंग एनिवर्सरी की इनसाइड फोटोज शेयर की हैं। तस्वीरों में तीन खान ब्रदर्स- सलमान खान, सोहेल खान, अरबाज खान नजर आ रहे हैं। इसके अलावा सलमान की बहन अलवीरा का परिवार देखा जा सकता है। कुछ करीबी दोस्त और इंडस्ट्री के लोग भी जश्न में शामिल रहे। सोनाक्षी सिन्हा अपने पति जहीर इकबाल के साथ पहुंचीं। फंक्शन में अर्पिता और सोहेल के साथ उन्होंने क्वालिटी टाइम बिताया। सलीम खान और सुशीला चरक की शादी 18 नवंबर 1964 को हुई। वहीं, आयुष शर्मा और अर्पिता खान शर्मा ने 18 नवंबर 2014 को शादी रचाई।

## अच्छे अभिनय और मेहनत से मिलती है कामयाबी

# पहली ही फिल्म से इंडस्ट्री पर छाईं ये अभिनेत्रियां; आज भी दर्शक हैं दीवाने

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जो डेब्यू फिल्म से ही इंडस्ट्री पर छा गईं। इनमें से कई ऐसी एक्ट्रेसेस भी हैं जो फिल्मी दुनिया के बैकग्राउंड से नहीं आती हैं हालांकि उन्होंने अपनी मेहनत के दम पर बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई है। इन लोगों ने साबित किया कि अच्छे अभिनय और मेहनत से कामयाबी मिलती है।



### दीपिका

दीपिका पादुकोण ने शाहरुख खान के साथ फिल्म 'ओम शांति ओम' (2007) से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। फिल्म में उनके भाव और अभिनय ने लोगों को अपना दीवाना बना दिया था। फिल्म में वह ग्लैमरस और मासूम दिखीं। इस फिल्म के बाद से उन्होंने बॉलीवुड को कई बेहतरीन फिल्में दीं।

### भूमिका


भूमिका चावला उन अभिनेत्रियों में शामिल हैं जो रातों-रात स्टार बन गईं। वह साल 2003 में फिल्म 'तेरे नाम' में सलमान खान के साथ नजर आई थीं। फिल्म में उनके अभिनय और भाव ने दर्शकों को मदहोश कर दिया। पहली फिल्म से उन्होंने ऐसी छाप छोड़ी कि वह एक अनुभवी अभिनेत्री के तौर पर जानी जाने लगीं।





### प्रीति

1998 में रिलीज हुई फिल्म 'दिल से' से प्रीति जिंटा ने बॉलीवुड में कदम रखा। फिल्म में उनके अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया। फिल्म की कहानी के हिसाब से उन्होंने जो अभिनय किया वह अपने आप में मिसाल है। इस फिल्म के बाद प्रीति जिंटा, शाहरुख खान के साथ 'वीर जारा' और 'कल हो ना हो' में नजर आईं।



### अनुष्का

शाहरुख खान की फिल्म 'रब ने बना दी जोड़ी' (2008) से अनुष्का शर्मा ने बॉलीवुड में कदम रखा। इस फिल्म में उन्होंने अपने अभिनय से लोगों को अपना कायल बना लिया। वह किसी भी फिल्मी परिवार से नहीं आती हैं लेकिन बॉलीवुड में उन्होंने अपने अभिनय के बल अपनी जगह बनाई।

### ग्रेसी

आमिर खान की चर्चित फिल्म 'लगान' (2001) से ग्रेसी सिंह ने बॉलीवुड में कदम रखा। फिल्म में उन्होंने बहुत ही सधी हुई अदाकारी की। इसमें उनके पारंपरिक लुक और उनकी मुस्कान की दर्शकों ने खूब तारीफ की। उन्होंने साबित किया कि अच्छी अदाकारी करने वाले



## खबर संक्षेप



### जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिला जेल का किया दौरा

**सिरसा।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष पुनीश जिंदिया तथा सीजेएम एवं सचिव प्रवेश सिंगला ने स्थानीय जिला जेल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जेल बंदियों और कैदियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने जेल परिसर का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

### युवती को धमकी के मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** युवती को अश्लील फोटो और आपत्तिजनक संदेश भेजने तथा धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए टोहाना पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान योगेश कुमार के रूप में हुई है।

### अवैध पिस्तौल सहित एक युवक गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस टीम ने नाकाबंदी के दौरान गांव बड़ागुढा फटाक से सुखचैन रोड पर एक युवक को अवैध पिस्तौल के साथ काबू किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुखजीत सिंह ने बताया कि सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम नाकाबंदी के दौरान सुखचैन रोड, बड़ागुड़ा क्षेत्र में मौजूद थी।

### भाई कन्हैया आश्रम में जागरुकता शिविर आयोजित

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से डिप्टी एलएडीसी वंदना मोंगा के नेतृत्व में भाई कन्हैया आश्रम में एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर नालसा की मानसिक रोग से ग्रस्त व्यक्तियों एवं बौद्धिक अक्षमताओं से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं योजना, 2024 के अंतर्गत आयोजित किया गया था।

### तेजधार चाकू सहित युवक को किया काबू

**फतेहाबाद।** ऑपरेशन ट्रेकडाउन के तहत शहर फतेहाबाद पुलिस ने तेजधार चाकू के साथ संदिग्ध रूप से घूम रहे एक युवक को काबू कर उसकी संभावित आपराधिक योजना पर समय रहते रोक लगा दी। थाना शहर प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्रा ने बताया कि सहायक उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार के नेतृत्व वाली टीम को आरोपी की गतिविधियों के संबंध में विश्वसनीय गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी।

### पटेल जयंती के उपलक्ष्य में पदयात्रा आज

**सिरसा।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 'सरदार@150' प्रथम पदयात्रा का आयोजन 19 नवंबर को कालांवाली में किया जाएगा। पदयात्रा माता पूना देवी डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, कालांवाली से सुबह 9 बजे शुरू होगी।

### पुरस्कार के लिए बालिकाएं 21 तक करें आवेदन

**सिरसा।** राज्य सरकार की ओर से राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में अनुकरणीय उपलब्धियां हासिल करने वाली बालिकाओं के पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके लिए इच्छुक बालिकाएं 21 नवंबर तक महिला एवं बाल विकास विभाग में आवेदन कर सकती हैं।

### रोजगार मेला कल, विभिन्न पदों के लिए होगा चयन

**सिरसा।** हरियाणा सरकार द्वारा युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से समय-समय पर रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला रोजगार कार्यालय में 20 नवंबर को विवेकानंद स्कूल अरनियांवाली (सिरसा) द्वारा प्रातः 10 बजे से दोपहर एक बजे तक रोजगार मेले लगेगा। मेले में विभिन्न पदों के लिए आवेदन होगा।

---

ऑपरेशन ट्रेकडाउन : अम्बाला में विशाल मेगामार्ट पर हुई फायरिंग में था शामिल

# सीआईए रतिया ने अवैध असला सहित कुख्यात आरोपी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ऑपरेशन ट्रेकडाउन के तहत सीआईए रतिया पुलिस ने एक कुख्यात अपराधी आकाश उर्फ सोनू पुत्र शेर सिंह निवासी भिरडाना को काबू किया है। लगातार अपराधों को अंजाम देने और अवैध हथियारों के साथ घूमने के लिए कुख्यात इस आरोपी को पुलिस टीम ने योजनाबद्ध कार्रवाई में काबू कर लिया। आरोपी लंबे समय से पुलिस रडार पर था और उसकी गतिविधियों से क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ था। सीआईए प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक रिछपाल सिंह ने बताया कि प्रधान सिपाही दिनेश कुमार के नेतृत्व में टीम को नजदीक गांव अयालकी क्षेत्र में आरोपी की मौजूदगी की गुप्त सूचना मिली थी। जानकारी की पुष्टि होते ही पुलिस ने मौके पर जाल बिछाया और आरोपी आकाश उर्फ सोनू उर्फ शुभम को धर दबोचा। पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर की एक पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। हथियारों के स्त्रोत और संभावित उपयोग को लेकर पूछताछ जारी है। आरोपी के खिलाफ थाना सदर फतेहाबाद में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपी कई संगीन मामलों में पहले भी शामिल रहा है। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, मारपीट, अवैध हथियार, हिंसक झड़प, धमकी और षड्यंत्र जैसे गंभीर प्रकरण दर्ज हैं। इसके अलावा वर्ष 2019 में अम्बाला स्थित विशाल मेगामार्ट पर हुई फायरिंग की घटना में भी उसकी संलिप्तता पाई गई थी।टीम ने बताया कि ऑपरेशन ट्रेकडाउन आगे भी लगातार जारी रहेगा और अपराधियों के खिलाफ इसी प्रकार की सख्त कार्यवाहियाँ होती रहेंगी।



रतिया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार कुख्यात अपराधी आकाश उर्फ सोनू।

### डोडा पोस्त तस्करी मामले में सप्लायर काबू

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़े करते हुए भूना पुलिस ने डोडा तस्करी के एक मामले में मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सुनील उर्फ मिट्टू पुत्र छोटूराम निवासी गोरखपुर के रूप में हुई है। थाना भुना प्रभारी उप-निरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि 29 सितंबर को मुखबिर की विशेष सूचना पर ज्ञान चौक, गोरखपुर में रेड की गई थी। उस दौरान आरोपी विनोद उर्फ बंटी के कब्जे से 950 ग्राम डोडा पोस्त बरामद



सिरसा। पुलिस गिरफ्त में हेरोइन तस्कर। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस ने तस्कर सहित हेरोइन सप्लायर महिला को किया गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस ने गश्त के दौरान रोड़ी क्षेत्र से हजारों रुपये की 8 ग्राम 58 मिलीग्राम हैरोइन बरामद कर महिला सप्लायर सहित एक युवक को काबू किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुखजीत सिंह ने बताया कि सीआई सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान रोड़ी की ओर जा रही थी। इस दौरान पुलिस पार्टी जब गांव सूरतिया के नजदीक पंहुची तो सामने से एक स्कूटी सवार युवक आता हुआ दिखाई दिया। उक्त युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वापस मुड़कर खिसकने का प्रयास किया तो पुलिस पार्टी ने उक्त युवक को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली तो उसके कब्जा से 8 ग्राम 58 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मानसा निवासी तेजिंदर पाल सिंह के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ थाना रोड़ी में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्जकर जांच शुरु की गई है। जांच के दौरान आरोपी से पूछताछ करने पर उसने बताया कि रोड़ी निवासी जसविंद्र कौर पत्नी इकबाल सिंह से लेकर आया था। पुलिस टीम ने रोड़ी गांव में दबिश देकर सप्लायर महिला जसविंद्र कौर को गिरफ्तार कर लिया।

---

20 से 28 नवंबर तक होंगे कार्यक्रम

## फसली अवशेष जलाने के दुष्प्रभावों बारे लोगों को किया जाएगा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के दिशा निर्देशन में जिला में राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण व हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण की विभिन्न स्कीमों की जागरूकता के लिए 20 से 28 नवंबर तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से पैनल अधिवक्ता व पैरा लीगल वॉलिंटियर का शैड्यूल जारी किया गया है। इस अवधि के दौरान पैनल अधिवक्ता व पीएलवी नागरिकों को फसली अवशेष जलाने के दुष्प्रभावों बारे भी जागरूक करेंगे। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव गायत्री ने बताया कि जागरूकता कार्यक्रमों के दौरान पैनल अधिवक्ताओं व पीएलवी द्वारा मौलिक अधिकार और कत्तव्य, ट्रांसजेंडर के अधिकार, मानसिक रूप से विकलांग एवं दिव्यांग व्यक्तियों व वरिष्ठ नागरिकों के लिए कानूनी सेवाएं, विधवा योजना, एसिड हमलों के पीड़ित, आपदा पीड़ित, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, घरेलू हिंसा अधिनियम, अत्याचार और अस्पृश्यता इत्यादि बारे जानकारी दी जाएगी।

## जांडली खुर्द के लोगों को मिलेगा स्वच्छ पेयजल

- बुस्टिंग स्टेशन के लिए गोदारा ब्रदर्स ने पंचायत को दान दी जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव जाण्डली खुर्द के लोगों को अब स्वच्छ पेयजल मिलेगा। गांव में बुस्टिंग स्टेशन का निर्माण करवाया जाएगा। बूस्टिंग स्टेशन के लिए गांव के ही महेश गोदारा व रघुवीर गोदारा ने गांव जांडली खुर्द के वाटर वर्क्स बूस्टिंग स्टेशन के लिए जमीन दान दी है। गोदारा परिवार द्वारा ग्रामीणों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लिए गए इस फैसले की ग्रामीणों ने खुलकर सराहना की है। जमीन दान देने पर पंचायत द्वारा आज महेश गोदारा व रघुवीर गोदारा को विशेष तौर पर सम्मानित भी किया गया। इससे पूर्व गांव में आज ग्राम पंचायत जाण्डली खुर्द की बैठक सरपंच बलवंत पुनिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में गांव में पीने के पानी की खराब गुणवत्ता को लेकर चिंता व्यक्त की गई। बैठक में इस समस्या को लेकर चर्चा की गई और साफ पानी के लिए बुस्टिंग स्टेशन स्थापित करने का फैसला लिया गया। इसके बाद पंचायत ने गांव के ही रघुबीर गोदारा और मास्टर महेश गोदारा सुपुत्र स्व. श्रीराम गोदारा के सामने अपनी पुस्तैनी जमीन में से बुस्टिंग स्टेशन के लिए जमीन दान करने का प्रस्ताव रखा। दोनों भाईयों ने पंचायत की बात को सर्वोपरि रखते हुए अपनी पुस्तैनी जमीन में से बुस्टिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए आवश्यकतानुसार जमीन ग्राम पंचायत को दान देने की घोषणा की।



फतेहाबाद। बुस्टिंग स्टेशन के लिए जमीन दान देने पर महेश गोदारा व रघुबीर गोदारा को सम्मानित करते जांडली खुर्द के सरपंच। फोटो : हरिभूमि

### फर्जी धान पंजीकरण घोटाले में आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** आर्थिक अपराधों पर कार्रवाई करते हुए फतेहाबाद पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने एक बड़े आर्थिक घोटाले में दसवें आरोपी की गिरफ्तारी की है। आरोपी की पहचान दलवीर सिंह उर्फ काला सिंह पुत्र ठाकुर सिंह, निवासी वार्ड नं. 1, रतिया के रूप में हुई है। आर्थिक अपराध शाखा प्रभारी निरीक्षक संदीप ने बताया कि 8 सितंबर 2022 को उप-निरीक्षक राजेश कुमार, मुख्यमंत्री उडन्नदस्ता, हिसार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि कुछ नामजद आरोपी फतेहाबाद के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ मिलीभगत करके सरकारी पोर्टल पर आम लोगों की भूमि का फर्जी पंजीकरण करवाते थे।

## एसडीएम अर्पित संगल ने किया राजकीय प्राथमिक स्कूल मटदादू का निरीक्षण

- स्कूल की चारदीवारी की डिमार्केशन करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

एसडीएम अर्पित संगल ने मंगलवार को गांव मटदादू के राजकीय प्राथमिक स्कूल का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण स्कूल प्रशासन द्वारा स्कूल से सटी खाली जमीन पर कूड़ा-कचरा डाले जाने की शिकायत पर किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने स्थिति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने तहसीलदार को स्कूल की चारदीवारी (बाउंड्री वॉल) की डिमार्केशन करने के निर्देश दिए, ताकि स्कूल की जमीन की हदबंदी स्पष्ट हो सके और भविष्य में अतिक्रमण या कचरा फेंकने जैसी समस्याओं से बचा जा सके। उन्होंने स्कूल परिसर के भीतर और आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने बारे भी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि खाली जमीन पर कूड़ा-करकट न डाला जाए। उन्होंने स्कूल प्रशासन और स्थानीय पंचायत को मिलकर काम करने और परिसर व आसपास की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए प्रोत्साहित किया।



सिरसा। मटदादू स्कूल का निरीक्षण करते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

### सरकारी बिक्री केंद्र पर रबी फसलों के बीजों की बिक्री शुरू

**सिरसा।** हरियाणा बीज विकास निगम लिमिटेड द्वारा राज्य के किसानों को गुणवत्तापूर्ण सब्जी एवं रबी फसलों के बीज समय पर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सिरसा यूनिट के सभी सेल काउंटरों पर सब्जी तथा अन्य बीजों की बिक्री शुरू कर दी गई है। निगम की ओर से सरकार की सब्सिडी नीति के तहत प्रमाणित बीज किसानों को रियायती दरों पर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं, ताकि वे बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकें। हरियाणा बीज विकास निगम के प्रबंधक मलकीत सिंह ने बताया कि निगम के विभिन्न बिक्री केन्द्रों पर मेथी, धनिया, शलगम जैसे सब्जी बीजों के साथ-साथ गेहूं, सरसों, चना, जौ आदि रबी फसलों के उच्च गुणवत्ता वाले बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।

---

जागरुकता | बाल श्रम और पॉक्सो जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरुकता बढ़ाया उद्देश्य

# बाल अधिकार संरक्षण, शिक्षा व पॉक्सो पर जिला स्तरीय सम्मेलन

विशेषज्ञों ने बाल श्रम एक्ट 1986, जेजे एक्ट 2015, और पॉक्सो एक्ट 2012 के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

महिला एवं बाल विकास विभाग व राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय पंचायत भवन में बाल अधिकार, शिक्षा, बाल श्रम व पॉक्सो विषय पर जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के विभिन्न चरणों में बाल अधिकार संरक्षण, बच्चों के लिए शिक्षा प्रदान करने और यौन उत्पीड़न के खिलाफ जागरूक करने संबंधी व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की डिवीजन हेड पायल शर्मा, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल लाठर, राष्ट्रीय आयोग से एडवोकेट शुभांकर चौधरी, सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन मदन लाल, महिला एवं बाल विकास की उपनिदेशक डा. दर्शना सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता साईं, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विजय लक्ष्मी, जिला बाल कल्याण अधिकारी पूनम नागपाल आदि मौजूद रहे।



सिरसा। सम्मेलन में मौजूद राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य।

### सुरक्षित वाहन पॉलिस की दी जानकारी

कार्यक्रम में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की डिवीजन हेड पायल शर्मा ने बाल श्रम एक्ट 1986 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा शुभांकर चौधरी ने जेजे एक्ट 2015 व पॉक्सो एक्ट 2012 के बारे में जानकारी देते हुए आमजन को जागरूक किया। हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल लाठर ने स्कूली स्तर पर बच्चों के लिए सुरक्षित माहौल में उपलब्ध करवाने में विद्यार्थी, अध्यापक व अभिभावक की भूमिका के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने स्कूल सेफ्टी व सुरक्षित वाहन पॉलिसी के बारे में भी अवगत करवाया। वहीं एसएचओ साइबर क्राइम सुभाष ने कार्यक्रम में स्कूलों में साइबर बुलिंग की पहचान, रोकथाम और कार्रवाई के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में व्याख्याताओं ने अलग-अलग विषय पर जागरूक करते हुए आमजन को बाल अधिकारों के प्रति सजग रहने व बाल अधिकारों की उल्लंघना पर आवाज उठाने की अपील की। महिला एवं बाल विकास विभाग की उप निदेशक डा. दर्शना सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की पहल पर आज इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसका उद्देश्य बाल अधिकारों के संरक्षण, बाल श्रम रोकने व यौन उत्पीड़न के खिलाफ जागरूक करना है।

---

पराली प्रबंधन को लेकर किया जागरूक

## पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरता घटती : सुखदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा जिला में पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है। विभागीय टीमें किसानों को पराली जलाने से पर्यावरण, भूमि और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दे रही है तथा इसके विकल्प अपनाने की अपील भी कर रही है। मंगलवार को टीमों ने गांव जीवन नगर, करीवाला, कुमथल, मल्लेकां, हमायुखेड़ा, आसाखेड़ा, राम नगरिया, चामल, पोहड़कां, भूर्टवाला, मिर्जापुर आदि में किसानों से संवाद किया।

### पराली जलाने के नुकसान

कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. सुखदेव सिंह ने बताया कि पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरता घटती है, सूक्ष्म जीव नष्ट होते हैं और आने वाले वर्षों में पैदावार पर सीधा असर पड़ता है। साथ ही धुआं और जहरीली गैसों के कारण वायु गुणवत्ता बिगड़ती है, जिससे खांसी, दमा और एलर्जी जैसी बीमारियां बढ़ जाती हैं और धुंध व स्मॉग के चलते सडक दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि सरकार किसानों को पराली प्रबंधन के लिए सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम, हैप्पी सीडर और रोटावेटर जैसी मशीनें सब्सिडी पर उपलब्ध करा रही है, जिनकी मदद से पराली को खेत में मिलाकर जैविक खाद बनाया जा सकता है। इसके अलावा पराली का उपयोग बायोएनर्जी और पशु चारे के रूप में करने को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार द्वारा पराली प्रबंधन के तहत 1200 रुपये प्रति एकड़ अनुदान भी दिया जा रहा है।

राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन

## मदर टेरेसा स्कूल की छात्राओं ने प्रतिभा को किया शानदार प्रदर्शन

- छात्रा कनन शर्मा ने दैनिक कार्यक्रम अधिकारी की भूमिका निभाई

**भट्टूकलां।** भिवानी में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में इस वर्ष विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक, खेलकूद व रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। सप्ताह भर चले इस महत्त्वपूर्ण शिविर में मदर टेरेसा स्कूल, भट्टू मंडी की दो छात्राओं ने भी भाग लेते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। शिविर में छात्रा कनन शर्मा ने दैनिक कार्यक्रम अधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने पूरी जिम्मेदारी और कुशलता के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं के संचालन में सहयोग दिया। कनन ने न केवल अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया, बल्कि प्रतियोगिताओं में भी शानदार प्रदर्शन किया। अपनी अद्भुत एकाग्रता और संतुलन क्षमता का परिचय देते हुए उन्होंने बॉल बैलेंस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके साथ ही फोल्ड लेग रेस में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा साबित की। छात्रा रितु राज ने भी पूरे उत्साह और जोश के साथ दो प्रमुख प्रतियोगिताओं में भाग लिया। उन्होंने ड्राइंग प्रतियोगिता और दौड़ प्रतियोगिता में सक्रिय भागीदारी दर्ज कराते हुए अपनी रचनात्मकता और खेल प्रतिभा दोनों का परिचय दिया। रितु की मेहनत और लगन ने सभी का मन जीता।



भट्टूकलां। छात्राओं का स्वागत करते अध्यापक। फोटो : हरिभूमि


## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

### बारहवां पुरस्कार (लंच बॉक्स-150 नग) (101 से 150)

❖ अजय पुत्र श्री शिव शंकर निवासी ओल्ड बस स्टैंड, भिवानी ❖ सुनीता देवी धर्मपत्नी श्री प्रदीप कुमार, मयूर विहार, गली नं. 6, सोनीपत ❖ अमित सुपुत्र श्री जयभगवान जुलाना, जीन्द ❖ साहिल सुपुत्र श्री राजबीर जुलाना जीन्द ❖ साहिल पाराशर सुपुत्र श्री आनन्द कुमार, गांव व डा. दुल्हेड़ा, बहादुरगढ, झज्जर ❖ खुशबू पुत्री श्री सोमबीर सिंह निवासी गांव तिगराणा, जिला भिवानी ❖ जयनारायण पुत्र श्री परसराम सुमार निवासी गांव बीरण, जिला भिवानी ❖ रणधीर सिंह पुत्र श्री खेमचन्द, निवासी गांव रोहद, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ सचिन कुमार पुत्र श्री सुरेश कुमार निवासी वार्ड नं.15, गांव तिगड़ाना, जिला भिवानी ❖ दीपक पुत्र श्री विश्वनाथ निवासी मकान नं. 106, महम रोड़, नई बस्ती, भिवानी ❖ निधि मौशिम सुपुत्री श्री विजय पाल मौशिम रसूलपुर आजाद बिजनौर, सोनीपत ❖ उर्मिला देव धर्मपत्नी श्री राम स्वरूप, चावला कॉलोनी, सोनीपत ❖ सीमा धर्मपत्नी श्री आनन्द कुमार, गांव व डा. दुल्हेड़ा, बहादुरगढ, झज्जर ❖ कुलदीप सिंह सुपुत्र श्री बन्शी राम, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ विभव सुपुत्र श्री दीपक, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ बिशन चन्द्र सुपुत्र स्व. श्री हजारी लाल, बहलवान छत्ते के पास, नलापुर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ शंकर लाल भारद्वाज पुत्र श्री रामकुमार निवासी निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ श्री महाबीर सिंह सुपुत्र स्व. श्री रतन सिंह, बीपीओ बैयांपुर, सोनीपत ❖ सुभाष धर्मपत्नी श्री राकेश कुमार, 250/10D, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सोनीपत ❖ निशा सुपुत्री आनंद कुमार, म. नं. 530/4, नजदीक बाल विकास स्कूल, जमालपुरा, सोनीपत ❖ प्रवीण कुमार सुपुत्र श्री छोटे लाल, गांव बोचड़िया, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ झम्मन लाल सुपुत्र श्री गणपत सिंह, धनौन्दा, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ श्रवण कुमार सिंघल पुत्र श्री देवकी नंदन, निवासी मकान नं.392 वार्ड नं.16, नवादा गली, जैन मंदिर, बहादुरगढ़ ❖ आजाद सिंह अहलावत पुत्र श्री कर्ण सिंह, मकान नं. 842, सेक्टर 2, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ जीवेन्द्र पुत्र श्री गजानन्द निवासी गांव सुडना जिला महेन्द्रगढ़ ❖ ज्योति पत्नी श्री श्रीपाल, निवासी गांव कानौंदा, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ पूजा पुत्री श्री मामन सिंह निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ चीकू पुत्री श्री ओमप्रकाश निवासी निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ राजेश पुत्र श्री दयानन्द निवासी मकान नं.862/6, जौहरी नगर लाइन पार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ श्री रमेश कुमार सुपुत्र श्री ज्ञानीराम, गांव भराण पाना जिंदराण, महम, रोहतक ❖ सुनील यादव सुपुत्र श्री बलजीत सिंह, बेरी, महेन्द्रगढ़ ❖ श्री हवा सिंह सुपुत्र श्री फूल सिंह, गांव बैंसी, तह. महम, जिला रोहतक ❖ तमन्ना पुत्री श्री मनोज कुमार निवासी गांव व डाकखाना तिगड़ाना, जिला भिवानी ❖ उदित पुत्र श्री बलजीत निवासी मकान नं. 302, बिजली बोर्ड कालोनी, भिवानी ❖ श्रीमति संतोषी पत्नी श्री जोगेंद्र, म. नं. 251, वार्ड 12, महम, रोहतक ❖ निरंजन देव पुत्र श्री पं. देवी दत्त निवासी मकान नं. 19/150, नई बस्ती, गली नं. 1, बहादुरगढ़, झज्जर ❖ रोहित पुत्र श्री जसवंत निवासी गांव मुकन्दपुर, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ पलक पुत्री श्री मोहित निवासी गांव डाबड़ा जिला हिसार ❖ गुणपाल सिंह पुत्र श्री ठाकुर सिंह निवासी वार्ड नं. 20, गवार फैक्टरी, भिवानी ❖ चरण सिंह भक्त पुत्र श्री धर्मबीर निवासी श्री जोतराम धाम, गांव बादल, जिला चरखी दादरी ❖ जगदीश वर्मा पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण निवासी 527, कोंट रोड़, गली नं.10, शांति नगर, भिवानी ❖ श्री नमन सुपुत्र श्री कृष्ण लाल, 167/25, गांधी नगर, रोहतक ❖ ज्योति रानी पत्नी श्री जय गोपाल निवासी नया भारत नगर, गोकुल एन्कलेव, भिवानी ❖ वीना रानी पत्नी श्री मनमोहन निवासी दादरी गेट, कोंट रोड, शांति नगर, भिवानी ❖ श्री रणबीर सिंह सुपुत्र श्री अमीलाल, 1344/1, लाल बहादुर शास्त्री नगर, रोहतक ❖ श्रीमति साक्षी पत्नी श्री मनमोहन, गांव व डा. अजायब, तह. महम, रोहतक ❖ करतार सिंह पुत्र श्री निहाल सिंह निवासी गांव प्रेम नगर, जिला भिवानी ❖ सुनीता पत्नी श्री पवन निवासी डावर कालोनी, भिवानी ❖ श्री जयबीर सिंह सुपुत्र रामधारी, सूर्य नगर, गली नं. 4, रोहतक ❖ श्री चंद्र राम सुपुत्र श्री सुलतान सिंह, टैगोर कॉलोनी, माजरा।

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005, 7988727916

## खबर संक्षेप

### ढाबा मालिक से पैसे ऐंठने वाला दूसरा भी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** टोहाना के हिसार रोड स्थित फतेहचंद ढाबा के मालिक से पैसे ऐंठने के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गिरोह के दूसरे नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर थाने के हवालात में बंद किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संदीप कुमार पुत्र मनीराम निवासी ठरवी जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता कृष्ण कुमार ने कहा था कि वह हिसार रोड, टोहाना पर फतेहचंद का ढाबा संचालित करते हैं।

### घर में सेंध लगाकर आभूषण व नगदी चोरी

**सिरसा।** ऐलनाबाद के वार्ड नंबर 3 स्थित एक मकान से आभूषण व नकदी चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में ऐलनाबाद के वार्ड नंबर तीन के रामप्रताप ने बताया कि वह अपने बच्चों सहित पिछले 6 माह से गुरुग्राम में रहता है। उसने अपने मकान का ऊपर का फ्लोर किराए पर दिया हुआ है और नीचे वाले हिस्से में उसके माता-पिता रहते हैं। उसके माता-पिता भी उससे मिलने के लिए गुरुग्राम में आए हुए थे। रामप्रताप ने बताया कि बीते दिवस उसे सूचना मिली कि उसके मकान के दरवाजे खुले पड़े हैं। जब उसके भाई ओमप्रकाश ने वहां जाकर देखा, तो उसके मकान का ताला टूटा हुआ था।

### कांग्रेस खो चुकी है जनाधारः दुग्गल

**सिरसा।** पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने मंगलवार सुबह बिहार चुनाव में कांग्रेस की हार एवं भाजपा की जीत के सवाल पर मीडिया को बताया कि यहां सिरसा में बिहार के जो लोग स्थायी निवासी है, उनसे छठ पूजा पर मिली थी। उन्होंने यहां अच्छे छठ पूजा का आयोजन किया था। उन्होंने एक मांग रखी थी कि हम जो यहां छठ पूजा मनाते हैं, उसके लिए स्थायी समाधान हो जाए। उन्होंने बताया कि उन्होंने इस बारे मुख्यमंत्री से चर्चा की।

### गांवों की तर्ज पर आयोजित होंगी ग्राम पंचायतें

**सिरसा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खैरपुर में मंगलवार को जिला के विभिन्न स्कूलों में होने वाली युवा ग्राम पंचायत के लिए खंड स्तर पर नियुक्त न्यायिक समिति को प्रशिक्षण दिया गया। डिंग डाइट के डीयूआरयू विंग के इंचार्ज प्रवक्ता डॉ. अनिल बिश्नोई ने बताया कि खंड स्तर पर आयोजित यह प्रतियोगिता इसी माह में पूरी कर ली जाएगी। खंड स्तर पर नियुक्त किए गए न्यायिक समिति में नाथूसरी चोपटा खंड में प्रवक्ता राजनीति शास्त्र जगदीश बराच, प्रवक्ता सुरेश शर्मा, रानिया खंड में हरविंद्र कुमार, नरेश सहारण, सिरसा खंड में प्रवक्ता दुलीचंद व हेमराज आदि रहे।

### सर्दी से बचाव को प्रशासन की एडवाइजरी जारी

**फतेहाबाद।** जिला फतेहाबाद में बढ़ रही शीत लहर के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी को लेकर डॉ. विवेक भारती ने जिला वासियों से अपील की है कि वे इसका पालन करें और अपना व परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य की प्रति सचेत रहे हैं। अस्वस्थ होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य की जांच करवाकर उचित परामर्श व दवाइयां लें।

### प्रदेश में बढ़ता नशा और बेरोजगारी चिंता का विषय

**सिरसा।** सांसद कुमारी सैलजा ने मीडिया ने कहा कि हरियाणा आज गंभीर सामाजिक और सुरक्षा चुनौतियों की गिरफ्त में है। बढ़ती बेरोजगारी, नशाखोरी और अपराध की घटनाओं ने न केवल आमजन के मन में भय का वातावरण बना दिया है, बल्कि प्रदेश की शांति और प्रतिष्ठा पर भी गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। सांसद सैलजा ने कहा कि प्रदेश में अपराधियों का मन इतना बढ़ गया है यहां तक कि टोल प्लाजा कर्मचारी भी उनकी धमकियों और रंगदारी के निशाने पर हैं। इस चिंताजनक स्थिति पर सरकार से नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था की नाकामी पर सवाल उठाए हैं।

## कैबिनेट मंत्री ने नागरिकों को नशीले पदार्थों से दूर रहने की दिलाई शपथ

# नशामुक्ति अभियान ने हजारों लोगों को नशे से बचायाः मंत्री

नशा करने वालों से नफरत न करें, उन्हें नशा मुक्ति केंद्र में ले जाकर उनका इलाज करवाएं : कृष्ण बेदी



सिरसा। नशा मुक्त भारत संकल्प के तहत पुलिस कर्मियों को शपथ ग्रहण करवाते एसपी।





फतेहाबाद। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी को सम्मानित करते हुए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती व कार्यक्रम में प्रस्तुति देते स्कूली बच्चे। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय कार्यक्रम डीपीआरसी हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के साथ हुई। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने उपस्थितजन को नशीले पदार्थों के उपयोग के विरूद्ध शपथ भी दिलाई। उन्होंने शपथ दिलाते हुए सभी से कहा कि हम सब मिलकर अपने राज्य को नशा मुक्त बनाने का दृढ़ संकल्प लें। इस मौके पर विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक, रागनी व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। उन्होंने कहा कि नशा केवल आदत ना समझे बल्कि नशा एक बीमारी है। इसे छोड़ा भी जा सकता है।

### नशामुक्ति अभियान बना विशाल आंदोलन

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि पांच वर्ष पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नशा मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की थी। इस अभियान के तहत हजारों लोगों का जीवन बचाया गया है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान पूरे देश में एक विशाल और प्रभावी आंदोलन बन चुका है। अब तक पूरे देश में विभिन्न स्तर पर आयोजित 7.39 लाख गतिविधियों के माध्यम से, यह अभियान 23.22 करोड़ से अधिक लोगों को संवेदनशील बनाने और शिक्षित करने में सफल रहा है। इनमें से 7.82 करोड़ से अधिक युवा और 5.25 करोड़ से अधिक महिलाएं इस अभियान के मुख्य भागीदार बने हैं। इसके साथ ही 17.11 लाख से अधिक शैक्षणिक संस्थानों और 20000 से अधिक मास्टर स्वयं सेवकों का सक्रिय सहयोग इस अभियान की सफलता की गारंटी है इस अभियान के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों को दलदल से निकालने की पहल की गई है।

### नशा मुक्त जीवन खुशहाल जीवन

**सिरसा।** नशामुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ पर पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने पुलिस कर्मचारियों ने नशा मुक्त भारत का संकल्प लेकर शपथ ग्रहण करते हुए कहा कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और समाज को भी इसके दुष्परिणामों से जागरूक करेंगे। एसपी दीपक सहारण ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं और युवाओं का समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है, इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि अधिक से अधिक युवा नशामुक्त भारत अभियान से जुड़ें। उन्होंने कहा कि हमारा एक ही उद्देश्य है, समाज को नशामुक्त जीवन के प्रति जागरूक करना और नशे के दुष्प्रभावों के बारे में आमजन को सचेत करना ही पुलिस की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं बल्कि परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। यदि युवा पीढ़ी नशा मुक्त होकर शिक्षा, रोजगार और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाए, तो भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य शीघ्र ही प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि युवा नशे से दूर रहकर नशा मुक्त समाज बनाएं, खुशहाल जीवन को अपनाएं। युवा सिरसा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे महाअभियान से जुड़कर समाज को नशामुक्त बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएं ताकि समाज को एक नई दिशा की और ले जाया जा सके।

### नशे को खत्म करने के लिए सामूहिक व निरंतर प्रयास जरूरीः अतिरिक्त उपायुक्त

**सिरसा।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मंगलवार को लघुसचिवालय के सभागार में शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को नशा न करने व दूसरों को नशा के खिलाफ जागरूक करने की शपथ दिलाई। इसके अलावा जिलेभर में विभागों, स्कूलों, शैक्षणिक संस्थानों में भी शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन की ओर से नशा के खिलाफ प्रभावी गतिविधियां चलाई जा रही है। नशा एक सामाजिक बुराई है, जिसके खिलाफ सभी को मिलकर लड़ना होगा। समाज के हर व्यक्ति को नशा के खिलाफ अभियान में अपनी भागीदारी करनी होगी। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगांठ पर आयोजित शपथ कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को नशा के खिलाफ जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि नशे को खत्म करने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ-साथ लोगों में भावनात्मक व मानसिक परिवर्तन के लिए नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आज का शपथ कार्यक्रम भी इसी कड़ी का हिस्सा है। कार्यक्रम के तहत जिलेभर में हजारों की संख्या में नागरिकों ने समाज को नशा मुक्त बनाने की शपथ ली है। उन्होंने कहा नशा के खिलाफ प्रशासन के अभियान में आमजन सहयोग करे और कहीं पर भी नशा तस्करी की सूचना मिलती है, तो उसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें ताकि संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।



सिरसा। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ लेते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## जोनल साइंस क्विज प्रतियोगिता में पॉयनियर स्कूल रहा प्रथम, डीईओ ने किया सम्मानित

- हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर साइंस, इन्नोवेशन एंड टेक्नोलॉजी विभाग ने करवाई प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर साइंस, इन्नोवेशन एंड टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा जोनल स्तर पर आयोजित साइंस क्विज प्रतियोगिता जो दो ग्रुपों में आयोजित की गई। इसमें एक ग्रुप में सीबीएसई/आईसीएसई से संबंधित 6 जिलों जींद, भिवानी, चरखी दादरी, हिसार, फतेहाबाद व सिरसा की 30 टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में लिखित परीक्षा सहित संपन्न हुई। क्विज प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए फतेहाबाद के पॉयनियर कान्वेंट स्कूल के 12वीं कक्षा के मयंक जांगड़ा, हिमांक बंसल व रूद्र गिल्होत्रा ने प्रथम स्थान हासिल किया। यह शानदार उपलब्धि में केवल पॉयनियर स्कूल के लिए बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। इस प्रतियोगिता में विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं 20 हजार का नकद पुरस्कार देकर जिला शिक्षा अधिकारी फतेहाबाद संगीता बिश्नोई ने सम्मानित किया व उन्हें बधाई दी। स्कूल के डायरेक्टर निशांत निर्मोही ने बताया कि इस से पूर्व भी जिला स्तर पर संपन्न हुई इस प्रतियोगिता में पॉयनियर स्कूल की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया था।




फतेहाबाद। पॉयनियर स्कूल के विद्यार्थियों को सम्मानित करते डीईओ संगीता बिश्नोई।

### छात्राओं ने डबल्स में स्वर्ण सिंगल में जीता कांस्य

**सिरसा।** सेंट जेवियर सीनियर सैकेंडरी स्कूल के छात्रों ने 8 से 11 नवंबर तक फरीदाबाद के मानव रचना स्कूल में आयोजित हरियाणा राज्य बैडमिंटन चैंपियनशिप-2025 उप-जूनियर प्रतिभागिता कर शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल व जिले का नाम रोशन किया। प्रिंसिपल फादर सेल्वराज पीटर ने बताया कि इस प्रतियोगिता के महिलाओं के डबल्स में स्कूल की दित्या अरोड़ा व अनिका सोनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता, जबकि एकल वर्ग में अनिका सोनी ने तीसरा स्थान हासिल करते हुए कांस्य पदक जीता। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों व कोच को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई व भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## क्रेसंट स्कूल में स्टोरी-टेलिंग प्रतियोगिता बच्चों की कल्पनाशक्ति ने छुए सभी के दिल

- प्रतियोगिता के विजेता छात्र किए गए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

क्रेसंट स्कूल में कक्षा तीसरी, चौथी एवं पांचवी के विद्यार्थियों के लिए आयोजित अंग्रेजी स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता ने पूरे विद्यालय में उत्साह, सृजनशीलता एवं सीख का अद्भुत माहौल बना दिया। विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक कहानियों के माध्यम से न सिर्फ अपनी अभिव्यक्ति कला दिखाई, बल्कि नैतिक मूल्यों को भी हृदयस्पर्शी ढंग से प्रस्तुत किया। कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों ने 'विजडम एंड पॉवर ऑफ रिस्पेक्ट' व कक्षा चार के विद्यार्थियों ने 'हैप्पीनेस एंड फॉरगिवनेस' एवं कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों ने 'काइंडनएस एंड ऑनेस्टी' छात्रों ने जैसी जीवन मूल्यों से परिपूर्ण थीम पर प्रभावशाली कथाएं सुनाकर उपस्थित सभी शिक्षकों एवं अपने साथियों का मन मोह लिया। निर्णायक मंडल के फैसले के आधार पर कक्षा पांच में हरसिमरन व भूमिका ने प्रथम स्थान, स्मायरा व सेजल ने द्वितीय स्थान एवं पुलक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।




फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में स्टोरी-टेलिंग प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

### लायंस ओलंपियाड का प्रथम चरण संपन्न

**रतिया।** लायंस क्लब रतिया सिटी द्वारा आयोजित लायंस ओलंपियाड का प्रथम चरण आज संपन्न हुआ। ओलंपियाड की अंतिम परीक्षा साइंस ओलंपियाड का आयोजन मदर इंडिया स्कूल में किया गया। लायंस क्लब जिला क्वेस्ट चेयरमैन गोपाल चंद कुलरियाँ ने कहा कि इस ओलंपियाड ने न केवल बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित किया, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प भी विकसित किया है।

यह ओलंपियाड अब दूसरे चरण में प्रवेश कर रहा है। उत्तर भारत के विभिन्न स्कूलों से भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं में से कक्षा और विषय के अनुसार श्रेष्ठ प्रदर्शन कर स्वर्णिम पदक पाने वाले प्रतिभागी अगले चरण के लिए चयनित होंगे।

## राष्ट्र की चेतना के प्रतीक थे तेगबहादुरः प्रो. गणेशी

- गुरु साहिब के बलिदान को याद करके नवाया शीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

नौवें सिख गुरु हिंद की चादर श्री गुरु तेगबहादुर की 350वीं शहादत वर्षगांठ पर आयोजित शहीदी यात्रा का हिसार रोड स्थित रॉयल हवेली में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। ओडिशा के पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल और शहर के गणमान्य लोगों के साथ मिलकर पुष्प वर्षा की। पंज प्यारों का सरोपा भेंट करते समय लोगों के जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के जयघोष से पूरे क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर प्रो. गणेशी लाल ने कहा कि श्री गुरु तेगबहादुर का जीवन मानवाधिकारों की रक्षा और धर्म की स्वतंत्रता का सर्वोच्च उदाहरण है। उन्होंने गुरु साहिब के बलिदान को याद करते हुए कहा कि वे केवल सिख धर्म ही नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र की चेतना के प्रतीक है। भाजपा नेता मनीष सिंगला ने कहा कि गुरु तेगबहादुर का सर्वोच्च बलिदान हमें सिखाता है कि धर्म, न्याय और मानवीय स्वतंत्रता से बड़ा कुछ नहीं है। उन्होंने किसी एक समुदाय के लिए नहीं, बल्कि समस्त मानव जाति की धार्मिक स्वतंत्रता और अधिकारों की रक्षा के लिए अपनी शहादत दी। उनका यह त्याग हमें सिखाता है कि हमें अन्याय और अत्याचार के सामने कभी नहीं झुकना चाहिए। उनका जीवन और दर्शन हमें राष्ट्रीय एकता और भाईचारे को मजबूत करने की प्रेरणा देता है।



सिरसा। शहीदी यात्रा का स्वागत करते लोग।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर लक्ष्य सिंगला, प्रकाश सिंह साहुवाला, कर्मजीत सिंह, अमृतपाल सिंह, कुलदीप सिंह फग्गू, हरपाल सिंह, गुरमेज सिंह, बेअंत सिंह, हरपिंद्र शर्मा, योगेश बिजारनिया, जेपी गुप्ता, सावरमल गुर्जर, कौशल्या वर्मा, पार्षद मनीष, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश, जसविंद्र पिंकी, बलवंत शैली, पविकांत, इंद्रजीत खुराना, डॉ. अनूप इत्यादि मौजूद थे।

## त्रिवेणी युवा महोत्सव में महिला कॉलेज रतिया का उत्कृष्ट प्रदर्शन

12वें त्रिवेणी युवा महोत्सव छात्राओं ने साहित्यिक एवं ललित कला की बिखेरी छटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

शहीद दविन्द्र सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रतिया की छात्राओं ने चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा द्वारा आयोजित 12वें त्रिवेणी युवा महोत्सव छात्राओं ने साहित्यिक एवं ललित कला की विभिन्न प्रतियोगिताओं हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषण, हिन्दी वाद-विवाद, कविता, पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग, कार्टूनिंग, मेहंदी, प्रश्नोत्तरी, रंगोली तथा श्लोकाचारण में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वाद-विवाद हिन्दी प्रतियोगिता में छात्रा कोमल और साक्षी रानी बीए अंतिम वर्ष ने प्रथम स्थान, भाषण प्रतियोगिता हिन्दी व अंग्रेजी में छात्रा एकता रानी बीए अंतिम वर्ष ने तृतीय व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ललित कला विधा की कार्टूनिंग प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा साक्षी बीए अंतिम वर्ष ने तृतीय स्थान पाया। छात्राओं की इन उपलब्धियों पर प्राचार्य परमजीत संधा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी विजेता एवं प्रतिभागी छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय की छात्राएं निरंतर अपनी प्रतिभा, मेहनत और लगन से उत्कृष्ट प्रदर्शन करती रही हैं।

## ब्लॉक स्तरीय गीता जयंती प्रतियोगिता संपन्न, शानदार प्रदर्शन करने वाले सम्मानित

# प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन से किया प्रभावित

*प्रतियोगिता में गीता श्लोक वाचन, निबंध लेखन, गीता पर प्रश्नोत्तरी आयोजित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाथूसरी कलां में ब्लॉक नाथूसरी चोपटा के सभी स्कूलों की गीता जयंती के उपलक्ष में आयोजित ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में भगवद्गीता के ज्ञान, मूल्य और शिक्षाओं के प्रति रुचि बढ़ाना था। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में गीता श्लोक वाचन, निबंध लेखन, गीता पर प्रश्नोत्तरी तथा गीतदृभजन प्रस्तुति जैसी विभिन्न श्रेणियों का आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और गीता के संदेशों को सहज और प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। विद्यालय प्रवक्ता दलबीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार सचदेवा ने अपने उद्बोधन में छात्रों को भगवद्गीता के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।



चोपटा। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### छात्रों का किया मार्ग दर्शन

प्राचार्य सतवीर सिंह ढिढारिया ने कहा कि गीता का ज्ञान न केवल आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह जीवन प्रबंधन और सकारात्मक सोच का भी मार्गदर्शन प्रदान करता है। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन के आधार पर विजेताओं का चयन किया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न, प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए। सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र भी दिया गया। कार्यक्रम का संचालन खंड कार्यालय नाथूसरी चौपटा, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाथूसरी कलां द्वारा किया गया, जिसमें कन्या स्कूल नाथूसरी कलां की छात्राएं भाषण में जूनियर वर्ग में सारिका प्रथम, वहीं सीनियर श्लोक उच्चारण में डिंपल तृतीय स्थान पर, भाषण प्रतियोगिता में अर्पिता को सांत्वना पुरस्कार मिला। संवाद में तेजस्वी, दिव्या प्रथम, प्रश्नोत्तरी में आरजू, इच्छा और मनीषा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सफल आयोजन के लिए शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का विशेष सहयोग रहा।

### गुरु द्रोणाचार्य कॉलेज में तेग बहादुर को किया याद

**भूना।** गुरु द्रोणाचार्य कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मंगलवार को सिखों के नौवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन और शिक्षाओं पर विशेष विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी को गुरु तेग बहादुर जी के त्याग, साहस और मानवता की रक्षा के लिए दिए सर्वोच्च बलिदान से परिचित कराना रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में ग्रामीण कॉलेज ऑफ एजुकेशन जमालपुर शेखा के प्राचार्य डॉ. देव प्रकाश, तथा निखिल आईटीआई टोहाना के प्राचार्य इंद्रजीत सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेजबान गुरु द्रोणाचार्य कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर वीरेंद्र शर्मा ने की। वक्ताओं ने छात्रों को गुरु तेग बहादुर जी के बचपन के नाम त्यागमल से लेकर तेग बहादुर बनने तक की प्रेरणादायक यात्रा के बारे में बताया।